हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

# दूर दृष्टि, विकास का वादा - नेक इरादा

1. **केशकाल घाटी:** आजादी के 78 वर्षों में बस्तर की एक मात्र लाइफ लाइन राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच आने वाली केशकाल घाटी का समाधान होना नितांत आवश्यक है।

2. **रेलवे लाइन :** आजादी से अब तक बस्तर के खनिजों का लगातार दोहन करने हेतु रेलवे का बेदर्दी से इस्तेमाल किया जा रहा है यहां से रोज हजारों टन लोहा ले जाने के लिए पटरी है पर 78 वर्षों में यहां के नागरिकों को यात्री ट्रेन तक नहीं मिल पाई।

3. **पर्यटन:** प्रकृति द्वारा अच्छादित एवं प्रदत बस्तर की ज़मीं जो कि भारत के पर्यटक का सर्वश्रेष्ठ स्थल बन सकता था वो अब तक अपनी किस्मत पर रो रहा है। हम लाएंगे बस्तर को भारत के सबसे ऊपर के नक्शे पर जिससे व्यापार बढ़ेगा और रोजगार बढ़ेगा।

4. **वायु मार्ग:** वायु मार्ग तो प्रारंभ हुआ एक एयरलाइंस प्रारंभ हुए दूसरी बद सभी सेक्टर में वायु सेवा के विस्तार हेतु दिल्ली तक दौड़ लगानी होगी जिससे यहां का व्यापार एवं पर्यटन दोनों फली भूत हो सके।

5. **सड़क मार्ग:** बस्तर के एकमात्र लाइफ लाइन जो बस्तर को संपूर्ण भारत से जोड़ती है। वह अब भी फोर लाइन नहीं बन पाई यातायात का बढ़ता लगातार दबाव आगे के लिए परेशानी का सबब होगा परिवहन मंत्रालय दिल्ली तक की दौड़ लगानी होगी।

6. **अफसरशाही:** व्यापारी विकास पुरुष होता है उस विकास पुरुष को सम्मान मिलना चाहिए आज व्यापारियों एवं कर्मचारियों पर हावी अफसरशाही पर लगाम लगाकर व्यापारियों के सम्मान को बहाल करेंगे।

7. **बिजली समस्या:** आए दिन बस्तर संभाग में बिजली आंख मिचौली खेलते रहती है जिससे व्यापारियों को अच्छी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बिजली विभाग में मेंटेनेंस कर्मचारी नहीं होने के कारण यह समस्या बनी रहती है। इस समस्या के निराकरण के लिए प्रशासन से पुरज़ोर मांग करेंगे

8. **पार्किंग:** जगदलपुर एक मात्र संभाग का बड़ा शहर है व्यापारिक दृष्टिकोण से दक्षिण बस्तर, उत्तरबस्तर, तथा सीमावर्ती जिले जिसमें उड़ीसा के क्षेत्र इस जगदलपुर पर निर्भर है ऐसे में व्यापारियों के व्यापार को सुगम एवं व्यवस्थित करने में पार्किंग की समस्या अभी बाजार में सामने आ रही है अधिकांश व्यापारियों के पास पर्याप्त मात्रा में पार्किंग सुविधा उपलब्ध नहीं है ऐसे में हम प्रशासन एवं शासन से अनुरोध कर शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग हेतु जगह एवं शहर के प्रमुख क्षेत्र में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का अनुरोध करेंगे।

9. **शौचालय:** किसी भी शहर की स्वच्छता रैंकिंग उसके साफ सफाई एवं सार्वजनिक शौचालय से होती है चूँकि शहर में अभी उस स्तर का सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है जहां हमारे व्यापारी जा सके अभी व्यापार के लिए बाहर से आने वाले व्यापारी एवं शहर वासियों के लिए के लिए सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है जिसे व्यापारियों को अच्छी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस हेतु शासन के सहयोग से शौचालयों का निर्माण किया जायेगा

10. **ट्रांसपोर्ट नगर:** एशिया का सबसे बड़ा परिवहन संघ जगदलपुर में स्थित बस्तर परिवहन संघ है तथा जबसे नगरनार स्टील प्लांट का कार्य शुरु हुआ है रोजाना हजारों वाहन जगदलपुर से आना-जाना लगा रहता है ऐसे में एक वृहद्ध स्तर पर ट्रांसपोर्ट नगर की नितांत आवश्यकता है ट्रांसपोर्ट नगर होने से शहर में यातायात सुव्यवस्थित एवं इधर-उधर खड़े हो रहे वाहन को एक नई जगह मिल जाएगी शासन प्रशासन से कम से कम 100 एकड़ जमीन की मांग कर एक बड़े स्तर पर हम ट्रांसपोर्ट नगर बना सकते हैं जिसे हमारा शहर को एक नया दर्जा मिलेगा।



## अब मैं बनूंगा चेम्बर की आवाज़

## अशोक लुंकड़

उपाध्यक्ष पद उम्मीदवार

## मेरा सन्देश

**सम्माननीय व्यापारीगण एवं साथियों**

**सादर अभिवादन, आशा है जब आप मेरा यह संदेश पढ़ रहे होंगे आप स्वस्थ एवं प्रसन्नचित्त होंगे। मेरा यह संदेश आप में उत्साह का संचार करेगा। ऐसा मेरा विश्वास है।**

**वर्तमान में चेम्बर द्वारा हो रहे सगंठन चुनाव में मैंने उपाध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन प्रस्तुत किया है। एक व्यापारी को विकास पुरुष की संज्ञा सदैव दी जाती रही है और वह जिस भी क्षेत्र में रहे हैं वहां के विकास में उसकी महति भूमिका होती है। व्यापार के क्षेत्र को सरल एवं सुगम बनाने हेतु हमेशा एक सम्मानजनक वातावरण की आवश्यकता होती है और उस वातावरण के निमार्ण में एक महति भूमिका का निर्वहन करना चाहता हूँ। अफसरशाही हो, GST का मामला हो, परिवहन का मामला हो - बिजली समस्या हो या उसी तरह व्यवसाय में आ रही छोटी-मोटी समस्या का निराकरण करने हेतु हम एक स्वस्थ मंच का निमार्ण करेंगे। यह सब संभव होगा आप सबके सहयोग से।**

**मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप अपना स्नेह सहयोग एवं समर्थन मुझे प्रदान करेंगे।**

**आप अपनी क्षेत्रीय व्यापारिक समस्यायों से अवगत कराने मुझे मेरे व्यक्तिगत मोबाइल 98267-50001 पर सम्पर्क सकते हैं।**

11. **चेंबर का विधि प्रकोष्ठ:** आए दिन सरकारी जटिलताओं से शहर के व्यापारियों को व्यवसाय में दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसमें आयकर जीएसटी टीडीएस रेंट एग्रीमेंट जैसे व्यवसाय पर कई सारी ऐसी चीजे हैं अतः इन्हीं चीजों में उलझ कर रह जाता है कई बार उन्हें इस वजह से न्यायालय का भी सामना करना पड़ता है इस हेतु चेम्बर मे एक विधि प्रकोष्ठ का निर्माण करेंगे जिसमें इस विषय के अनुभवी विशेषज्ञो को शामिल कर उन समस्याओं को त्वरित निदान करेंगे समय-समय पर इस हेतु विषय पर कार्यशाला का आयोजन करेंगे।

12. **एकाधिकार समाप्त:** विगत लंबे समय से चेंबर में चंद लोगों ने अपने लोगों को लाकर एक एकाधिकार सा बना रखा है, नए चेहरे नया तेवर नया कलेवर नया चेंबर में संविधान के चलते अपनी उपस्थिति एवं योग्यता नहीं दिखा पा रहा है अब वक्त है विश्लेषण करने का।

13. **सदस्यता वृद्धि अभियान:** वर्षों से चली आ रही चैंबर की कार्य प्रणाली से बस्तर संभाग के काफी युवा वर्ग के व्यवसायी संस्था से नहीं जुड़ पा रहे हैं इस हेतु सबको एक मंच में लाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

14. **पुराने मंडी परिसर:** शहर के मध्य स्थित मंडी परिसर को बेहतरीन प्लानिंग के साथ एक उत्कृष्ट हाईटेक व्यापारिक परिसर बनाने की योजना तैयार की जा सकती है।

15. **स्वास्थ्य सुविधाएं:** शासन का धन्यवाद मेडिकल कॉलेज दिया - डॉक्टर है पर मशीन नहीं मशीन हैं तो डॉक्टर नहीं। 07 जिलों के संभाग की स्वास्थ्य सुविधाएं स्वयं वेंटिलेटर पर हैं। एक और सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनकर तैयार है जो अपने उद्धाटन की बाट जोह रहा है।

16. **इंडस्ट्रियल कॉरिडोर:** किसी भी क्षेत्र का विकास वहां पर स्थित उद्योगों से होता है, बस्तर में एन. एम. डी. सी. के पश्चात अनेक उद्योग की संभावना है लेकिन पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने पर उद्योग नहीं लग पा रहे हैं, शासन से निवेदन करेंगे वृहद स्तर का औद्योगिक कॉरिडोर बनाने के लिए भूमि उपलब्धता के लिए शासन से निवेदन करेंगे।

17. **चेंबर का वार्षिक सम्मेलन:** आज जहां व्यापार की परिभाषा बदल गई वहीं व्यापारी अपने व्यवसाय को और बढ़ाने एवं लोगों तक पहुंचाने के लिए आपसी तालमेल एवं एक दूसरे के व्यापार को जानने के लिए चेंबर के द्वारा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करेंगेए जिसमें बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आई दूरी एवं नए व्यवसाय के जुड़ी जानकारी को आदान-प्रदान कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में नमी बिजनेस कोच को भी आमंत्रित करेंगेए जिससे उनके व्यवसाय को और नहीं उड़ान मिल सके।

18. **भारतमाला:** तीन राज्यों से होकर जा रही भारतमाला परियोजना को जगदलपुर मार्ग से जोड़ने हेतु शासन से अनुरोध करोगे जिससे बस्तर का व्यापार बढ़ सके

चेम्बर चुनाव 2024

## खबर संक्षेप

### 2 प्रकरणों में 8 लाख की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 2 प्रकरणों में वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम हिरावण्डी निवासी कपूर बघेल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी कौशिल्या, पुत्र लखीराम, भरत, अनिल और गजेन्द्र को, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम पलना निवासी संताराम ध्रुव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मीनाबाई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा प्रकरणों में चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### जिला अस्पताल में टेली मेडिसिन शिविर 28 को

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 28 अगस्त को जिला अस्पताल कोण्डागांव में टेलीमेडिसिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डायलिसिस सेवाओं के लिए टेली नेफ्रोलॉजी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें कोलकाता के नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ जिले के मरीजों को टेलीमेडिसिन सेवा प्रदान करेंगे। यह शिविर जिला अस्पताल कोण्डागांव में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जहां सिकलसेल, फाइलेरिया, टीबी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पेशाब की समस्या जैसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से जूझ रहे मरीज टेली कंसल्टेशन के माध्यम से निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

### लाईवलीहुड कॉलेज में 23 को रोजगार मेला

कोण्डागांव। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तथा मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज डोंगरीपारा कोण्डागांव में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से 86 रिक्त पदों पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। प्लेसमेंट कैंप में स्काई ऑटोमोबाइल्स से टीम लीडर के एक पद पर स्नातक एवं 0 से 02 वर्ष का अनुभव, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 5 पदों पर 12वीं उत्तीर्ण, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से असिस्टेट इलेक्ट्रेसियन के 40 पदों पर 8वीं उत्तीर्ण, एफएण्डबी सर्विस एण्ड हॉउसकिपिंग के 40 पदों पर 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। विभिन्न रिक्त पदों हेतु ईच्छुक बेरोजगार युवक–युवतियां अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि मूल दस्तावेज का छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त रोजगार मेला में समिलित हो सकते हैं। अभयार्थी अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव में कार्यलयीन दिवस एवं समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने की समय-सीमा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को आयोजित समय–सीमा बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान, उन्होंने विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के परिवारों की जानकारी लेते हुए इन परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। हैंडपंप के आसपास जमा होने वाले पानी के निस्तार के लिए सोख्ता गड्ढा बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, ताकि गंदे पानी से होने वाली समस्याओं का समाधान किया जा सके। महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को वन विभाग द्वारा पौधों का वितरण किया जा रहा है। इस दिशा में कलेक्टर ने जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों तक वन विभाग को पौधे पहुँचाने के निर्देश दिए ताकि पौध वितरण की गति बढ़ाई जा सके।



#### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### 100 प्रतिशत ई–केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए

स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड के निर्माण में तेजी लाने के लिए डोर–टू–डोर जाकर शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को 100 प्रतिशत ई–केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ताकि खाद्यान्न वितरण में सुगमता लाई जा सके। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में आए आवेदनों की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को इनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर जनदर्शन में लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

### प्रदर्शन: एसटी, एससी, ओबीसी समाज उतरा सड़क पर

# आरक्षण में क्रीमी लेयर से संबंधित मामले को लेकर बंद का अंचल में रहा व्यापक असर



#### संवैधानिक अधिकारों से छेड़खानी न करें

आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सखाराम समरथ ने कहा कि एसटी व एससी वर्ग के लोग हमेशा ही प्रताड़ति होते रहे हैं। हम चाहते हैं कि शासन, प्रशासन व न्यायालय हमारे संवैधानिक अधिकारों से छेड़खानी न करें। वर्तमान सरकार भी हमारे अधिकारों का हनन करने का प्रयास कर रही है, जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कई समाजों के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर से संबंधित फैसले को लेकर एसटी, एससी, ओबीसी, समाज द्वारा बुधवार को समूचे देशभर में भारत बंद का ऐलान किया था। जिसके तहत केशकाल में भी बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जहां सुबह से ही नगर के सभी व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी अपनी दुकानों को बंद रखा था। वहीं बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज ने भी शामिल होकर बंद को अपना समर्थन दिया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आदिवासी समाज के युवा भी सड़क पर उतर कर नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद करते नजर आए। लगभग 10-15 मिनट तक एनएच 30 पर प्रदर्शन करने के बाद समाज के युवा शांत हुए। इस दौरान केशकाल शहर व ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए एसटी, एससी, ओबीसी समाज के लोग मौजूद रहे। इस सम्बंध में सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष फरसुराम सलाम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद से पूरे देश मे एसटी, एससी आक्रोशित है। आज केशकाल में भी शांतिपूर्ण रूप से बंद का आव्हान किया गया था। जिसमें स्थानीय नगरवासियों, व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला। स्थानीय वकील अशफ़ाक़ अहमद कुरैशी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत हो गई है। केशकाल में भी इस आंदोलन का व्यापक असर देखने को मिला है। बस्तर संभाग में मुस्लिम समाज ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। हम पूरी तरह एसटी, एससी व ओबीसी समाज के साथ खड़े हैं।

#### कोंडागांव में बंद पूर्ण रूप से सफल रहा

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव में सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले के विरोध में



बुलाए गए भारत बंद का असर पूरी तरह से दिख रहा है। शहर के व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखकर समर्थन किया है। नगर में आज सुबह से ही बाजार पूरी तरह से बंद रहे। दुकानें और प्रतिष्ठान बंद होने के कारण शहर का माहौल शांत और सौहार्दपूर्ण रहा। स्थानीय लोगों का मानना है। कि यह फैसला अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के हितों के खिलाफ है। इससे उनके आरक्षण का लाभ कम हो जाएगा। इस बंद का आयोजन करने वाले संगठनों का कहना है, कि वे इस फैसले के खिलाफ सरकार से अपील करेंगे कि वह सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करे। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।



## फरसगांव में दिखा भारत बंद का व्यापक असर

**फरसगांव।** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले को लेकर एसटी, एससी समाज द्वारा बुधवार को पूरे देशभर में भारत बंद का ऐलान किया था। जिसके तहत फरसगांव सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जहां सुबह से शाम तक नगर के सभी दुकाने बंद रही। वही सुबह 11:30 बजे एसटी , एससी समाज के लोग बड़ी संख्या में नगर के बस स्टैंड में एकत्रित हुए और नेशनल हाइवे और रांधना रोड सड़क पर उतर कर नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद करते नजर आए। लगभग डेढ़ घण्टे तक एनएच 30 पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट, केंद्र सरकार और राज्यपाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर 1 बजे के बाद सभी सड़क से हट गए और बस स्टैंड में आमसभा के रूप में चर्चा कर सभी मौके से चले गये। इस दौरान सुरक्षा के तौर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनिलकुमार विश्वकर्मा , एसडीएम अशवन पुसाम, तहसीलदार डॉ. जयकुमार नाग, थाना प्रभारी नरेश साहू सहित पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

■ दुकानें रहीं बंद, सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

### बीमा कंपनी देगी 60 हजार की क्षतिपूर्ति व भरेगी 10 हजार का जुर्माना

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में आवेदक को इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 60 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रूपए का जुर्माना किया। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के ग्राम बकावंड निवासी प्रेमसुंदरी कश्यप ने वाहेगुरु मोटर्स जगदलपुर से एक एक्टिवा वाहन क्रय की थी। उक्त वाहन का बीमा विक्रेता के कहने पर आवेदक द्वारा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को प्रदान की गई की। बीमा कंपनी द्वारा विलंब से सूचना देने और दुर्घटना के समय मोटर साइकिल में तीन व्यक्तियों के सवार होने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक द्वारा विलंब से सूचना प्रदान की गई थी। साथ ही दुर्घटना के समय वाहन में तीन व्यक्तियों के सवार होने के तथ्य को भी प्रमाणित नहीं किया गया है, जबकि बीमा धारक की ओर से किए गए। उक्त उल्लंघन के कारण हुआ है साथ ही बीमा कंपनी को दायित्व से बचने के लिए बचाव को स्थापित करना होगा और बीमा शर्तों के उल्लंघन के प्रमाण का भार भी बीमा कंपनी पर ही होता है।

# गुमटी व ठेला पर व्यवसाय करने वालों पर अमानवीय कार्रवाई बंद हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद एवं विधानसभा अध्यक्ष संतोष सिंह ने अस्थाई ठेला, गुमटी के संचालकों पर अमानवीय कार्रवाई में प्रतिबंध लगाने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शहर के ठेला, गुमटी के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संयुक्त बयान में कहा कि शहर के चौक चौराहा में अस्थाई रूप से ठेला, गुमटी के संचालकों पर निगम की नीति के अभाव में लगातार अमानवीय कार्यवाही हो रही है। रसूखदार शहर में नियमों कायदों को किनारे कर अपनी मनमानी कर रहे हैं। अपनी रोजी रोटी चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह बिना किसी स्थायी योजना की कार्रवाई से विसंगतियों का जन्म होता है। जिससे सबके साथ न्याय सुरक्षित नहीं रह पाता। नेताओं ने कहा कि छोटे ठेला, गुमटी में व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई में प्रतिबंध लगे। शहर में अस्थाई व्यवसाय को व्यवस्थित करने तत्काल नीति बनाई जाए।

# रक्षाबंधन हमारी संस्कृति के गरिमामयी उत्कर्ष का प्रतिफल : लखेश्वर बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बकावंड ब्लाक के ग्राम पंचायत जैबेल में सामूहिक रूप से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। विधायक लखेश्वर बघेल के कांसी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचने पर ग्रामीणों ने बैंड बाजा के साथ अभिनंदन किया। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती पर विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन हमारी संस्कृति के गरिमामयी उत्कर्ष का प्रतिफल है। वर्ष 2000 में जब जिला पंचायत अध्यक्ष बना तब से हर साल यह आयोजन करते आ रहा हूं। जिससे इस वर्ष भी आयोजन में चार चांद लगाकर बहनों ने उत्साह के साथ मनाया और सभी लोगों को इस स्नेह और सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन बहनों के प्रति भाइयों के संकल्पों को सुदृढ़ बनाता है। यह पर्व पारिवारिक संबंधों के परे भाई-बहन के स्नेह की लड़ियां पिरोकर भावनाओं का एक नया शिखर तैयार करता है। बहनों द्वारा भाई की रक्षा के लिए रक्षासूत्र बांधना और बहनों की रक्षा का वचन देना स्नेह और आपसी भरोसे को और मजबूत बनाता है। यह त्यौहार हमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, अस्मिता, महिला सशक्तिकरण के प्रति भी जागरुकता और प्रतिबद्ध करता है। उन्होंने कहा कि मेरी बहनों के प्रति सदैव यह कार्यक्रम निश्चित रुप से करूंगा चाहें मै जनप्रतिनिधि के रुप में रहूं या ना भी रहूं लेकिन मैं अपनी सेवा आप लोगों के समक्ष सदा साझा करता रहूंगा।

### फ्लोरोसिस रोकथाम के लिए हुई अंतर्विभागीय बैठक

# बच्चों और गर्भवती महिलाओं को फ्लोराइड के प्रभाव से बचाने दें पोषणयुक्त आहार, रिमूवल प्लांट को करें ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को फ्लोरोसिस रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में फ्लोरोसिस के प्रभाव को कम करने और इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। कलेक्टर ने बताया कि



फ्लोरोसिस एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो फ्लोराइड की अधिक मात्रा के सेवन से होती है। यह समस्या आमतौर पर उन क्षेत्रें में होती है। जहां पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक होती है। फ्लोराइड एक रासायनिक तत्व है, जो स्वाभाविक रूप से जल स्रोतों में पाया जाता है। जब इसके स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में फ्लोरोसिस नामक रोग का कारण बनता है। इस बीमारी से दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द, और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है।

बैठक के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में फ्लोरोसिस से प्रभावित गांवों की फ्लोराइड रिमूवल प्लांट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित विभागों को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान निकालने पर जोर दिया। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को उन सभी स्थानों पर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.3 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024

12 सुकमा जिले में सड़क से लेकर प्रतिष्ठान तक रही सूनी...



12 कोटे के अंदर कोटा का सर्व आदिवासी समाज ने ...





## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी के बंद को मुक्तिमोर्चा ने दिया समर्थन



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि सर्व आदिवासी समाज द्वारा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर आयोजित भारत बंद किया गया, उसका मुक्ति मोर्चा के साथ जनता कांग्रेस ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सर्व एसटी एससी समाज ने प्रजातांत्रिक ढंग से अपनी बात को रखा।

### कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी 24 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर प्रदेश सरकार द्वारा बलौदाबाजार प्रकरण में राजनैतिक द्वेष व दुर्भावनावश विधायक देवेंद्र यादव सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के जिलाध्यक्षों व कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करने के विरोध में 24 अगस्त को सिरहासार चौक पर सुबह11 बजे कार्यक्रम प्रभारी मोहन मरकाम की उपस्थिति में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दी है।

### बासागुड़ा पोटाकेबिन के छात्र की मौत

**बीजापुर।** जिले के उसूर ब्लॉक के बासागुड़ा में स्थित बालक आवासीय विद्यालय के छात्र की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार दूसरी कक्षा में अध्यनरत छात्र मड़कम देवा पिता मड़कम नंदा उम्र आठ वर्ष को जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया गया है कि छात्र कुछ दिनों से बीमार था। उसका पिछले पांच दिनों से बीजापुर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। मंगलवार की सुबह अचानक तबियत ज्यादा बिगड़ने से उसे जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। उक्त छात्र ग्राम सेंड्राबोर का रहने वाला था। हालांकि छात्र की मौत किस बीमारी से हुई है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया हैं।

### पीपल पेड़ पर राखी बांधी एवं सुरक्षा की ली शपथ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला के हाई स्कूल में रक्षाबंधन त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की समस्त छात्रों द्वारा राखी बांधकर सभी बहनों के साथ समस्त नारी जाति की सुरक्षा का संकल्प लिया। वही 2 वर्ष पहले लगाए हुए पीपल के पेड़ पर सभी छात्र छात्राओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया और संकल्प लिए की इस पीपल के पेड़ का पर्यावरण संवर्धन एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा, जिसे हम सब मिलकर इसे सुरक्षा प्रदान करेंगे और जीवित रखेंगे।

### पिकअप पलटी, 17 घायलों में 4 गंभीर

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर के रामपुर जुनवानी से 21 अगस्त को भारत बंद को सफसल बनाने जा रहें ग्रामीणो से भरा मालवाहक पिकअप वाहन रास्ते में पलट गया, जिससे पिकअप में सवार 17 लोगो को चोट आई। घायलो को प्राथमिक ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा में भर्ती किया गया। घायलो में चार की हालत गंभीर होने के चलते कांकेर जिला अस्पताल में रिफर किया गया।

### युवक की बांस से पिटाई, दो आरोपियों पर मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम बेवरती में रात को तालाब के पास दो युवक ने मिलकर गांव के ही अन्य युवक के साथ मारपीट किया। जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डण्डा से मारपीट करने से युवक को चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# 521 गांव में बिजली नहीं, चिमनी युग में जीने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सातों जिले के लगभग 521 गांव ऐसा है जहां लोग आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। ऐसे गांवों में आजादी के बाद से आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। आजादी के 77 साल बाद भी यहां के ग्रामीण बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई की समस्या होती है। वहीं, किसान भी खेती के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर हैं। इतना ही नहीं, ऐसे गांव घने जंगल में ग्रामीणों को जंगली जानवरों का भी मुकाबला करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। विद्युत कंपनी के अनुसार ऐसे गांव हैं जो पहुंचविहीन दुर्गम सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से अब तक सड़क नहीं बन सकी, यही कारण है कि बिजली नहीं पहुंच सकी। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि सड़क बनने से अविद्युतिकृत गांवों में बिजली पहुंचेगी। सड़क नहीं होने से ट्रकों से पोल, ट्रांसफार्मर गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके चलते बिजली नहीं पहुंच पा रही है।

## बिजली न होने से रात में सर्पदंश का शिकार हो रहे लोग, बच्चों की पढ़ाई भी हो रही प्रभावित

### संभाग के 3 जिलों के ज्यादा गांव शामिल

बस्तर जिले में 4, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 203, कांकेर में 26, कोंडागांव में 4 एवं नारायणपुर जिले में 145 गांव हैं जहां बिजली नहीं है। इसमें से बीजापुर जिले के फरसनार, करपे, गर्तुल, अर्रेपल्ली, गुंडापुरी, गुंडनगुर, करकवाड़ा, चिपनपल्ली, जारागुड़ा, छोटेकाकलेर, चेरपल्ली, पिलूर, अन्नापुर, साफीमरका, भंडारपाल, नारायणपुर जिले के हिक्कोनार, टिरकानार, तुरुसमेटा, होड़नार, सुर्रेवाही, अंजरेल, टेमरूगांव, बोरानिरपी, कोडोनार आदि शामिल हैं।



### बिजली नहीं होने से मोबाइल नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि इसमें से कुछ गांव में सौर्य उर्जा से रोशनी देने का प्रयास किया पर ज्यादातर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहते हैं। इसके चलते ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं है, क्योंकि मोबाइल को चार्ज करने के लिए बिजली की जरूरत होती है पर वह नहीं है।

---

पांच दिवसीय कार्यक्रम में बस्तर, दिल्ली, भोपाल के साहित्यकार आमंत्रित

# खुद का 2 करोड़ का भवन फिर भी पुरातत्व विभाग का आयोजन होगा प्राइवेट लॉन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

5 साल में पहली बार पुरातत्व विभाग द्वारा बस्तर के लोक संस्कृति और पुरातत्व आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें दिल्ली, भोपाल के अलावा दूरस्थ इलाकों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। किंतु बस्तर के स्थानीय लोक साहित्यकारों, पुरातत्व के जानकारों, इतिहासकारों पर्यावरणविदों को आमंत्रित नहीं किया गया है। दूसरी बात यह कि पुरातत्व विभाग का लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पांच मंजिला विशाल भवन है, जिसमें बड़े-बड़े हाल हैं। इसके बावजूद यह पांच दिवसीय कार्यक्रम शहर के बाहर एक लॉन होटल में आयोजित किया गया है। इसे लेकर शहर में काफी चर्चा है और आयोजन समिति पर मनमानी का आरोप लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर स्थित लॉन रूपी एक होटल में बस्तर की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा किया गया है। कार्यशाला में संभाग के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में अध्ययन और शोध कर रहे विद्यार्थियों एवं शोध अध्येताओं को अंचल के इतिहास, पुरातत्व सहित इसके मूर्त धरोहरों और अमूर्त सांस्कृतिक संपदा के बारे में जानकारी दी जाएगी। पुरातत्व विभाग के सिरहासार स्थित विशाल भवन में पहले भी कई विभागीय समारोह, कार्यशाला आयोजित किए जा चुके हैं। बीते पांच साल में यहां एक भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए और अब जो पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया है वह भी लॉन रूपी एक होटल में है। बताया गया कि कार्यशाला में भाग लेने के लिए बस्तर संभाग से मात्र 50 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने पंजीयन कराया है।

## पुरातत्व के जानकारों को आमंत्रण नहीं




**आमंत्रित करना था:** जगदलपुर में आयोजित पांच दिवसीय संस्कृति एवं इतिहास की कार्यशाला में बस्तर के लोक साहित्यकार, पुरातत्वविद, इतिहासकार तथा पर्यावरणविदों को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में आयोजन समिति को निर्देशित कर रहा हूं।
विवेक आचार्य, संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर

# सहकारिता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश बने प्रथम : केदार कश्यप



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

भाजपा जिला कार्यालय में सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक आज हुई, जिसमें सहकारिता मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। बैठक को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सहकारिता एक महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है। सहकारिता क्षेत्र की कांग्रेस सरकार ने उपेक्षा की थी। कांग्रेस का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को खत्म करने का था। भाजपा चाहती है कि सहकारिता प्रकोष्ठ अव्वल दर्जे पर आए। योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रकोष्ठ के सदस्यों से सुझाव मांगा गया है, सुझावों का सहकारिता के क्षेत्र में अमल किया जाएगा।

### अधिक से अधिक लोग भाजपा से जुड़ें

बीजेपी के सदस्यता अभियान पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पूरे देशभर में एक सितंबर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में गत दिवस प्रदेश स्तर की बैठक हुई, पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलेगा। जिलों से लेकर मण्डल स्तर तक बैठक होगी और बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी। बीजेपी से जुड़ने का लोगों को अवसर प्राप्त होगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया फिलहाल सदस्यता को लेकर कोई टारगेट नहीं दिया गया है, लेकिन ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन से जुड़े यही उद्देश्य है।

### कांग्रेस पूरी तरह फेल, देश में माहौल बिगाड़ रहे

कांग्रेस प्रदर्शनों के माध्यम से संगठन को एकजुट करने की कोशिश कर रही। इस सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिस तरीके से दुर्गति हुई है और आने वाले समय में और इससे बुरे दिन देखने को उनको प्राप्त होगा। जिन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ और देश में माहौल खराब करने का प्रयास किया, प्रदेश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

---

विहिप के 60 वर्ष पूर्ण होने पर धर्म समागम

# बस्तर में धर्मांतरण, लव जिहाद को खत्म करने गांवों में बनेंगी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



**नए दायित्व की घोषणा:** प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर के अनुमोदन से वीरेंद्र कच्छ सहमंत्री ने प्रखंड के नये दायित्व की घोषणा की। नवीन दायित्वों में प्रखंड उपाध्यक्ष बुदरी बघेल सरपंच सेमरा, बजरंग दल सहसंयोजक आसमन भारती, विकास मुरला व पदमनाथ कश्यप, धर्म प्रसार सहप्रमुख रघुनाथ सेठिया को दायित्व सौंपा गया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक बुधवार को ग्राम सेमरा नगरनार प्रखंड में हुई। नगरनार प्रखंड के अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने तीन बार ओम के उच्चारण के पश्चात 13 बार विजय महामंत्र से शुरुआत किया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष हरि साहू ने बस्तर जिले में आये दिन जो घटनाएं और विवाद की स्थिति बढ़ रही है, उस संबंध में चिंता जाहिर करते हुए विस्तारपूर्वक बातों को रखा। सभी प्रखंड एवं खंड ग्राम समिति से अपने-अपने ग्राम समिति बनाकर समाज की संस्कृति परंपरा को बचाने आग्रह किया गया। साथ ही एक महीने का लक्ष्य देते हुए प्रत्येक गांव में समिति बनाकर प्रखंड, खंड को मजबूत करने का आव्हान किया गया। प्रत्येक गांव तक पहुंच कर समाज में जागरूकता लाकर गांव की परंपरा संस्कृति को बचाने के लिए समाज को एक मंच में लाने की बात कही गई। बस्तर में आये दिन आ रहे मामले लव जिहाद, मतांतरण, गौ तस्करी को लेकर बजरंगियों में आक्रोश दिखा। हरि साहू ने बताया कि विहिप संगठन निर्माण को 60 वर्ष पूर्ण होने वाला है, विहिप ने राष्ट्रीय प्रतीकों एवं आस्था के केंद्रों की रक्षा के लिए कार्य किया है। श्री राम जन्मभूमि, अमरनाथ, रामसेतु इनमें से कुछ उदाहरण हैं। गोवंश रक्षण तथा मतांतरण का कानून लाने में विहिप के प्रयासों के परिणाम दिखने लगे हैं। बैठक में उपाध्यक्ष अंतूराम पूजारी, धनपति कश्यप, सीबो कश्यप, प्रखंड संयोजक सुरेश कश्यप, महादेव बघेल सरपंच गरावण्ड, सुकमन नागेश, शेखर देवांगन, नंदो कश्यप, मोहन ठाकुर समेत पदाधिकारी, कार्यकर्ता व माता बहने उपस्थित रहे।

## पंजाब सनातन धर्मसभा की कलश यात्रा...



जगदलपुर। पंजाब सनातन धर्म सभा एवं पंजाब सनातन धर्म महिला सत्संग समिति ने मंगलवार को कलश यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल में केंद्रित, बारिश के संकेत

**जगदलपुर।** एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बांग्लादेश के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके अगले 24 घंटे तक पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, औराई, पुरूलिया और निम्न दाब के केंद्र से होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में 24 अगस्त को बनने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक सिस्टम के प्रभाव से गुरुवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। 23 अगस्त से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। 24 से 25 अगस्त तक प्रदेश में अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है।

स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मचारी संगठन एटक ने बोला हल्ला

# स्टील प्लांट निजीकरण की सुगबुगाहट, यूनियन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि नीयज ⏭ जगदलपुर



नगरनार स्टील प्लांट के विनिवेशीकरण किये जाने की तैयारी की खबर से भू-प्रभावित किसान एवं नगरनार स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों में आक्रोश है। विरोध में नगरनार स्टील प्लांट में मजदूरों ने जमकर नारेबाजी एवं धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन एनएमडीसी स्टील प्लांट के मुख्य द्वार पर प्रतिदिन करने का निर्णय लिया गया। संयुक्त इस्पात मजदूर संगठन (एटक) नगरनार के अध्यक्ष संतराम सेठिया व सचिव रमेश कश्यप ने सयुंक्त बयान में बताया कि एनएसएल के 50.79 प्रतिशत विनिवेश होने से निजी कम्पनी के हाथों में प्रबंधन का नियंत्रण होगा तथा क्षेत्र में आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ होगा। भू-प्रभावित कर्मचारियों को एनएमडीसी द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। एटक सचिव ने कहा भू-विस्थापित एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के नागरिको ने भी विनिवेशीकरण पर एतराज जताया है। बावजूद हमारे पीढ़ी को विकास का सपना दिखाकर विनाश की ओर ले जाने की सरकार की मंशा है। एनएमडीसी में मिली रोजगार जो चाहे स्थाई हो या अस्थायी सभी पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा लोग एनएमडीसी के रोजगार से हाथ धो बैठेंगे। साथ ही स्थानीय संस्कृति व क्षेत्रीय विकास में प्रतिकुल प्रभाव पड़ेगा।

### एआईएनडब्लूएफ बना रही विरोध की रणनीति

संतराम सेठिया ने कहा प्लांट विनिवेशीकरण का संगठन पुरजोर विरोध करता है, साथ ही ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर फेडरेशन भी विनिवेशीकरण का विरोध करने की रणनीति बना रही है। संगठन ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि नगरनार स्टील प्लांट को विनिवेशीकरण की सूची से अलग किया जाय अन्यथा मजदूर व भू-प्रभावित कर्मचारी आगामी समय में वृहद् आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देश अनुसार एवं जिला अध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी के मार्गदर्शन में जिला दंतेवाड़ा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने रक्षाबंधन का महापर्व मनाते हुए गीदम थाना के पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और देश की सभी माता बहनों की सुरक्षा का दायित्व का निर्वाह करने का वचन लिया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, किरण भदोरिया, योगेश्वरी देवांगन समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मेहरबानी ऐसी कि विकास के पैसों से दे दिया वेतन

## सी-मार्ट के संचालन के लिये सीएसआर मद का हुआ दुरूपयोग


हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिला मुख्यालय में इन दिनों सी-मार्ट की वजह से प्रशासन सुर्खियों में है। प्राप्त दस्तावेजों ने सी-मार्ट की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर दिये है। करोड़ों रुपए के टर्न ओव्हर करने वाली उक्त संस्था के कई दस्तावेज ही फर्जी पाये गये। यहां तक की पिछले दिनों एकलव्य के लिये आयोजित निविदा के दौरान जीएसटी ही शून्य घोषित हो गया था। जिसके चलते निविदा प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था।




### सीएसआर मद की राशि से वेतन

सी-मार्ट के प्रारंभ होने से लेकर फरवरी 2024 तक यहां पदस्थ प्रबंधक वर्षा नायडू को प्रति माह सैलेरी की राशि जिला पंचायत द्वारा दी जाती रही है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार उक्त राशि सुकमा जिले के विकास के लिये आर्सेलर निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारी सीएसआर मद के लिये दी गई राशि के ब्याज से प्राप्त राशि से दी गई। सूत्रों की माने तो सी-मार्ट के प्रारंभ से लेकर फरवरी तक 10 लाख रुपए के लगभग वेतन इस मद से दे दिया गया।




### पहले 35 फिर बढ़ा दिया वेतन

*सी-मार्ट के प्रबंधक पर जिला प्रशासन ने ऐसी मेहरबानी दिखाई कि जहां प्रारंभ में 35000 रुपए सैलेरी दी जा रही थी, लेकिन यकायक वहां की प्रबंधक की सैलेरी 45000 रुपए कर दी गई। सवाल यह उठता है कि आखिर एक द्वितीय श्रेणी स्थाई अधिकारी की जितनी सैलेरी सी-मार्ट के प्रबंधक पर कैसे खर्च की जा रही थी।*

### वैध दस्तावेज के बिना संचालित हो रही है सी-मार्ट

सुकमा जिला मुख्यालय स्थित सी-मार्ट का संचालन करने वाली प्रबंधक को जिला प्रशासन का वरदहस्त प्राप्त होने का फायदा ऐसा मिला की दो वर्षों से कई वैध दस्तावेज नही होने के बाद भी संचालन हो रहा था। बताया जाता है कि इसका खुलासा तब हुआ, जब एकलव्य के निविदा के दौरान उक्त संस्था के पास न तो वैध जीएसटी के दस्तावेज थे और न ही आईटीआर। एकलव्य के निविदा प्रक्रिया के बाद जैसे ही अधिकारियों को इसकी जानकारी लगी, सभी हतप्रभ रह गये। साथ ही निविदा प्रक्रिया से भी बाहर कर दिया गया।

### फरवरी से लगा दी गई है रोकः सीईओ

इस मामले को लेकर सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने सीएसआर मद से वेतन दिये जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि फरवरी 2024 तक वेतन सीएसआर मद से दिया गया था। लेकिन वर्तमान में इस पर रोक लगाते हुए अब सी-मार्ट से ही संपूर्ण वेतन दिया जा रहा है।



## सुकमा जिले में सड़क से लेकर प्रतिष्ठान तक रही सूनी, चक्काजाम से आवागमन पूरी तरह से रहा बाधित

# सामाजिक भेदभाव को खत्म करने वाला है सुप्रीम फैसला : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

संविधान के अंदर एसटी-एससी वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था आर्थिक आधार पर नहीं है, यह सामाजिक भेदभाव को खत्म करने के लिए फैसला किया है। क्या देश में सामाजिक आधार पर दिए आरक्षण के अनुसार छुआछूत की भेद-भावना खत्म हुई? यह सबसे बड़ा सवाल है। उक्त बातें पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान आज कही।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे के अंदर कोटा व कोटे के कोटे के अंदर क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले को पलटने संविधान संशोधन लाने के विरोध में भारत बंद का सुकमा जिले में व्यापक असर देखने को मिला। जिले भर में सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीणों में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रहीं। साथ ही आवागमन भी पूरी तरह से बंद रहीं। वहीं सुकमा जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में लोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। जिसमें सभी लोगों ने क्रीमी लेयर कानून को वापस लेने की मांग की।



### वर्गीकरण करने का अधिकार राज्यों को नहीं

*सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष उमेश सुंडाम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त 2024 को दिए गए फैसले अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कोटे के अंदर कोटा और कोटे के अंदर क्रीमी लेयर निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को देने निर्णय पारित किया है। इस निर्णय से देश भर के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। वास्तव में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के भीतर वर्गीकरण करने का अधिकार राज्यों को नहीं है, क्योंकि आर्टिकल 341 (2) एवं 342 (2) यह अधिकार देश के सांसद को देता है, और यही बात ईवी. चिनैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने 2005 में कहा था। पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह मामले में 1 अगस्त 2024 के निर्णय में 7 जजों में से एक जज जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने 6 जजों के फैसले से असहमति जताते हुए अपना निर्णय उपवर्गीकरण और क्रीमीलेयर के खिलाफ दी है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने 9 जजों की संवैधानिक पीठ इंदिरा साहनी मामले 1992 में जस्टिस जीवन रेड्डी अनुसूचित के कथन को उद्धृत करते हुए निर्णय लिखी है कि क्रीमी लेयर टेस्ट केवल पिछड़े वर्ग तक सीमित है। जातियों एवं जनजातियों के मामले में इसकी कोई प्रासंगिकता नही है। पिछड़ेपन को लेकर कहा कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन का परीक्षण या आवश्यकता अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों पर लागू नही की जा सकती। एससी-एसटी वर्ग के भीतर वर्गीकरण का यह अधिकार राज्यों को देने से एक वर्ग के भीतर ही नया संघर्ष शुरू हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस पर तत्काल अध्यादेश लाकर इस कानून को वापस लेने की मांग की।*

### सौंपा ज्ञापन

*सभा के उपरांत 11 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कानून मंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष नई दिल्ली के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में एसटी समाज एवं एससी समाज के लोग मौजूद रहे।*

### ये फैसला आरक्षण खत्म करने की साजिश है

पूर्व विधायक सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने कहा कि 1 अगस्त को जो फैसला आया है, इसके खिलाफ आज एसटी-एससी वर्ग के द्वारा देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर ये कानून एसटी-एससी वर्ग का आरक्षण खत्म करने में बड़ी भूमिका होगी। संविधान के अंदर एसटी-एससी वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था आर्थिक आधार पर नहीं है, यह सामाजिक भेद-भाव को खत्म करने के लिए फैसला किया है। क्या देश में सामाजिक आधार पर दिए आरक्षण के अनुसार छुआछूत की भेदभावना खत्म हुई? यह सबसे बड़ा सवाल है। सरकार सुनियोजित तरीके से एसटी-एससी समाज को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कानून एसटी-एससी वर्ग के खिलाफ है, केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि अध्यादेश लाकर तत्काल इस कानून को वापस ले।

# सर्व आदिवासी समाज ने आरक्षण में क्रीमी लेयर का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में आरक्षण में क्रीमी लेयर का विरोध किया गया। साथ में नगर पंचायत बस्तर के सभी प्रतिष्ठानों को सर्व आदिवासी समाज के युवाओं के द्वारा टोली के माध्यम से बंद कराया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग बस स्टेण्ड में युवाओं के द्वारा आरक्षण में क्रीमी लेयर का जमकर विरोध कर चक्का जाम किया गया। नगर पंचायत बस्तर में बुधवार सुबह से शाम तक बस, पिकअप, ट्रक एवं अन्य माल वाहक वाहनों का आवागमन बंद किया गया। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक बस्तर ने जानकारी में बताया कि 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी-एसटी में उपवर्ग बनाने का अधिकार राज्यों को दे दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट के इस फैसले का सर्व आदिवासी समाज ने विरोध किया।

■ एनएच 30 बस स्टेण्ड में किया चक्काजाम

अब कोर्ट के इस फैसले को लेकर भारत बंद का आव्हान किया गया है। आज भारत बंद के समर्थन में सर्व आदिवासी समाज खुलकर सामने आ गई है। देवदास पोयाम, मानसिंग कवासी, बुटूराम कश्यप, साधु मंडावी, लखेश्वर कश्यप, हेमराज बघेल, गोवर्धन बघेल, भोला मरकाम, राम्या राम, कवल बघेल, धर्मेंद्र, अर्जुन, नरसिंह, राम्या, लक्ष्मण बघेल, तुलेश्वर, जीवन, अमृत, अरुण, सचिन समेत अन्य जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आरक्षण संशोधन के विरोध में बंद रहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानें




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सर्व आदिवासी समाज के आहवान पर आरक्षण में संशोधन के विरोध में अनुसूचित जाति व जनजाति समाज द्वारा आहूत भारत बंद का जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में व्यापक असर दिखा। सुबह से ही निजी दुकान व व्यावसायिक प्रतिष्ठानें बंद रहीं। छोटे ठेले, गुमटी से लेकर होटल तक नहीं खुले। जमीन पर पसरा लगाकर सब्जी बेचने वाले ग्रामीण तक दिखाई नहीं पड़े। एससी-एसटी वर्ग के कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल होने छुट्टी ली। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने ब्लॉक के सभी गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, जिससे कि रैली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। यात्री बस सेवाओं का संचालन भी बाधित रहा। सुबह राजधानी की तरफ से कुछ बसें जरूर पहुंचीं। इसके बाद दिन में बस संचालन बंद रहा। लोकल बस ऑपरेटर्स ने अपनी बसें स्टैंड में ही खड़ी कर रखी।

■ सर्व आदिवासी समाज ने भारत बंद का किया था आहवान

# कोटे के अंदर कोटा का सर्व आदिवासी समाज ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

हम अपना अधिकार मांगते ना किसी से भीख मांगते, के नारों के साथ हजारों अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के युवा, महिलाएं एवं कर्मचारियों ने आज नगर में गोंडवाना भवन से रैली निकाल कर नगर के प्रवेश द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुट्टी में रहने के कारण प्रभारी अधिकारी जनपद पंचायत सीईओ, जो वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रभार में है उनको ज्ञापन सौंपा गया।

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 1 अगस्त को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे के अंदर कोटा और उसमें से क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले दिए गए थे। इसी क्रीमी लेयर फैसले को पलटने एवं संविधान संशोधन विधेयक लाने भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन कलेक्टर बीजापुर के द्वारा भारत सरकार को भेजा जाएगा। इस अवसर पर काका महेंद्र ब्लॉक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, अल्वा मदनैया, कामेश्वर गौतम, सालिक राम नागवंशी, शशि कला ध्रुव, मरपल्ली निर्मला, देश, यालम वेंकट, वासम उगेंद्र, के. राकेश, संजय चिंतुर, कोरम हनुमैया सहित हजारों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग मौजूद थे।





### बंद का रहा असर

*सुबह से ही बंद का असर देखा गया। गाड़ियों का आवागमन पूर्णतः बंद रहा। पुलिस विभाग हर चप्पे पर तैनात देखे गए। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें सुबह से ही बंद रहीं। लोग पानी के लिए भी भटकते दिखे। केवल डेयरी, पेट्रोल पंप एवं मेडिकल खुले हुए थे।*

## व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ तेलंगाना व महाराष्ट्र की यात्री बसों के पहिये भी थमे

# आरक्षण को लेकर बंद के आव्हान का बीजापुर में दिखा व्यापक असर






हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

एसटी-एससी समुदाय द्वारा आरक्षण को लेकर बुधवार को बुलाये गये भारत बंद का बीजापुर जिले में व्यापक असर देखने को मिला। यहां चारों ब्लॉकों में जहां व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रहीं। वहीं बीजापुर से होकर पड़ोसी राज्य तेलंगाना व महाराष्ट्र जाने वाली यात्री बसों के पहिये भी थमे रहे। जरूरी सेवाओं को छोड़कर सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रहे।

आरक्षण को लेकर एसटी-एससी समुदाय द्वारा भारत बंद के आव्हान का बीजापुर जिले के भैरमगढ़, बीजापुर व उसूर ब्लॉक के मुख्यालय आवापल्ली में खासा असर देखने को मिला। सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठानें जहां बंद रहीं। वहीं चक्काजाम होने से आवागमन भी प्रभावित रहा। जगदलपुर से बीजापुर की ओर आने-जाने वाली यात्री वाहनें नहीं चली। बीजापुर से तेलंगाना व महाराष्ट्र की ओर जाने वाली यात्री बसों के पहिये भी थमे रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुधवार को एसटी-एससी समुदायों ने एकजुट होकर ब्लॉक मुख्यालयों में बंद का आह्वान किया था। दोनों समुदायों ने आक्रोश रैली निकाल कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समुदाय के प्रमुखों ने कहा कि केंद्रीय एवं राज्यों की सरकारें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों में फुट डालना चाहती है,और संविधान में मिले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। पूरे देशभर के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग ने आज भारत बंद का आह्वान किया है।

पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह मामले में आए निर्णय 1 अगस्त 2024 के फैसले को पलटते हुए केंद्र सरकार तत्काल संविधान में संशोधन लाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024,
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
सुविध ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411